REC Power Development

विज्ञापन संख्या RECPDCL/HR/Regular Rectt./2024/01

आरईसीपीडीसीएल में रोजगार के अवसर

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) (पूर्व में आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड), भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक "महारत्न सीपीएसई" आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। आरईसी पीडीसीएल द्वारा देश-भर में विद्युत के सभी क्षेत्रों में विशेषज्ञ परामर्शी सेवाएं प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। परामर्शी सेवाओं के स्पेक्ट्रम में अन्य बातों के साथ, परियोजना प्रबंधन परामर्शी (पीएमसी) कार्य, विद्युत क्षेत्र में आईटी कार्यान्वयन, स्मार्ट मीटरिंग, स्मार्ट ग्रिड, सौर परियोजनाएं, अन्य पक्ष गुणवत्ता निरीक्षण, ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यों की निगरानी, फीडर रेनोवेशन कार्यक्रम, ऊर्जा लेखापरीक्षा, एचवीडीएस अध्ययन, पावर सिस्टम नेटवर्क का लोड फ्लो अध्ययन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना, विद्युत पारेषण परियोजनाओं का कार्यान्वयन और ऐसे अन्य कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही, आरईसीपीडीसीएल भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आर-एपीडीआरपी, आईपीडीएस, पीएमडीपी, आरएफएमएस, एनएफएमएस आदि से घनिष्ठ रूप से संबंधित है और पूरे देश में केंद्रीय/राज्य बिजली संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

रिक्तियां

2. अपनी मानव संसाधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, आरईसीपीडीसीएल विभिन्न पदों के लिए गतिशील, प्रतिबद्ध, स्व-प्रेरित और अनुभवी कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिनका विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	**पद का नाम / ग्रेड और आईडीए वेतनमान (01.01.2017 से प्रभावी)**	**पदों की संख्या (निम्नलिखित श्रेणी के लिए आरक्षित)**	**अधिकतम आयु सीमा (वर्षों में)**	**निर्धारित न्यूनतम अर्हता (अर्हताएं)**	**न्यूनतम पद अर्हता, अनुभव और अपेक्षित सीटीसी ***	**अपेक्षित अनुभव की प्रकृति (कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनियों में)**
इंजीनियरिंग विभाग						
1.	उप प्रबंधक (इंजीनियरिंग) ई-4 ₹70,000-2,00,000	04 (यूआर: 03, ओबीसी -एनसीएल: 01)	39	इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ मैकेनिकल/ सिविल में	अर्हता के पश्चात 7 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 13.5 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	विद्युत सेक्टर के क्षेत्र(क्षेत्रों) में जैसे उत्पादन, पारेषण और वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा आदि में अनुभव।

2.	अधिकारी (इंजीनियरिंग) ई-2 ₹ 50,000-1,60,000	10 (यूआर: 06, ओबीसी -एनसीएल: 02, एससी – 01, ईडब्ल्यूएस: 01)	33	नियमित पूर्णकालिक बी.ई./बी.क या समकक्ष या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्व विद्यालय से प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए ***वांछनीय अर्हता:*** *एमबीए*	अर्हता के पश्चात 2 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	*आरई परियोजना विकास और निष्पादन, परियोजना विकास और वित्तीय मॉडलिंग के लिए वैधानिक मंजूरी; डीपीआर का निर्माण, परियोजना विकास के लिए ट्रांसमिशन लाइनों के निष्पादन के लिए वैधानिक मंजूरी सहित बीओक्यू विस्तृत सर्वेक्षण को अंतिम रूप देना, ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों (132 केवी और अधिक) का निष्पादन; और, टीबीसीबी रूट के तहत बोली लगाना और आरई बंडलिंग कार्य और लागत अनुकूलन के लिए वित्तीय मॉडलिंग; बिजली वितरण परियोजनाओं का कार्यान्वयन और स्मार्ट मीटरिंग परियोजनाओं का प्रबंधन करने में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा सकती है ।*
वित्त एवं लेखा (एफ एंड ए) विभाग						
3.	उप प्रबंधक (एफ एंड ए) ई-4 ₹70,000-2,00,000	01 (यूआर)	39	चार्टर्ड अकाउंटेंसी / कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी	अर्हता के पश्चात 07 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 13.5 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	वित्तीय संस्थानों/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/एनबीएफसी/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों/केंद्र सरकार/राज्य सरकार/बहुपक्षीय संगठनों/अन्य संस्थानों में अनुभव। *खातों को अंतिम रूप देने, पेरोल प्रसंस्करण, जीएसटी और टीडीएस मामलों, बीआरएस और ईआरपी/टैली में अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा सकती है ।*
4	अधिकारी (एफ एंड ए)ई-2 ₹ 50,000-1,60,000	01 (यूआर)	33		अर्हता के पश्चात 2 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	
मानव संसाधन (एच आर) विभाग						
5	उप प्रबंधक (एचआर) ई-4 ₹70,000-2,00,000	01 (यूआर)	39	प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए के साथ नियमित पूर्णकालिक दो वर्षीय एमबीए या मान्यता प्राप्त / प्रतिष्ठित संस्थान / विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर	अर्हता के पश्चात 07 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 13.5 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	जनशक्ति आयोजना, नीति इंटरवेंसन, भर्ती, प्रशिक्षण और विकास, उत्तराधिकार योजना, कर्मचारी नियोजन, निष्पादन मूल्यांकन, करियर प्रगति, औद्योगिक संबंध और संबंधित मानव संसाधन कार्य आदि जैसे क्षेत्र (क्षेत्रों) में मानव संसाधन कार्य में अनुभव। *सीपीएसई से प्राप्त आवश्यक*
6	अधिकारी (एचआर) ई-2 ₹ 50,000-	01 (यूआर)	33		अर्हता के पश्चात 02 वर्ष का कार्यकारी अनुभव	

RECRUIT

	1,60,000			डिग्री / डिप्लोमा या कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध / मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता	₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	*अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता* दी जा सकती है ।
सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग						
7	उप प्रबंधक (आईटी) ई-4 ₹70,000-2,00,000	01 (यूआर)	39	प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए के साथ नियमित पूर्णकालिक बी. ई. / बी.टेक या समकक्ष या कम्प्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष	अर्हता के पश्चात 07 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 13.5 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	कार्यान्वयन/उन्नयन/एप्लीकेशन डिजाइन और प्रगतिशील वेब ऐप की आर्किटेक्टिंग/विंडोज-आधारित सॉफ्टवेयर विकास/पीएल-एसक्यूएल/ई-बिजनेस सूइट का संवर्धन/ओपन सोर्स और वेब विकास/उन्नत डेटा संरचनाएं/सर्वर प्रशासन (ओएस और ईमेल)/एमडीएम/एचईएस प्रौद्योगिकियों / संचार अवसंरचना और आईटी/ओटी अनुप्रयोगों का एकीकरण/कंप्यूटर नेटवर्क/डेटाबेस, वेबलॉजिक/एसएएन/एनएएस/स्टोरेज /साइबर सुरक्षा में अनुभव ***वांछनीय प्रमाणन:*** क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटाबेस प्रबंधन/ओपन सोर्स वेब/मोबाइल ऐप डिजाइनिंग और विकास, पीएचपी में वैध ओईएम प्रमाणन। वितरण कंपनियों में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा सकती है ।
8	अधिकारी (आईटी) ई-2/ ₹ 50,000-1,60,000	01 (यूआर)	33	या प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से/ विश्व विद्यालय से आईटी / कम्प्यूटर विज्ञान या समकक्ष में स्नातकोत्तर डिग्री अर्थात एमसीए/ एम.टेक ./ एमसीएस/ एमएससी।	अर्हता के पश्चात 02 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	

RECRUIT

कंपनी सचिवालय (सीएस) विभाग						
9	उप प्रबंधक (सीएस) ई-4 ₹70,000-2,00,000	01 (यूआर)	39	भारत के कंपनी सचिव संस्थान की एसोसिएट/फेलो सदस्यता के साथ स्नातक।	अर्हता के पश्चात 07 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 13.5 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	कंपनियों के सचिवीय विभाग में अनुभव। *सूचीबद्ध कंपनियों में अनुभव और विधि में डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता* दी जा सकती है ।
10	अधिकारी (सीएस) ई-2 ₹ 50,000-1,60,000	01 (यूआर)	33		अर्हता के पश्चात 02 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	
विधि विभाग						
11	उप प्रबंधक (विधि) ई-4 ₹70,000-2,00,000	01 (यूआर)	39	प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए के साथ विधि में नियमित पूर्णकालिक डिग्री (एलएलबी - 3 वर्ष) या प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में 5 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम में डिग्री	अर्हता के पश्चात 07 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 13.5 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	परियोजना वित्तपोषण के विधिक दस्तावेजों के प्रारूपण/पुनरीक्षण /निष्पादन, ऋण प्रस्तावों/दस्तावेजों की विधिवत जांच-पड़ताल, जिसमें डीआरटी/सिविल /आपराधिक न्यायालयों में विशेषज्ञता के साथ लागू कॉर्पोरेट / वाणिज्यिक विधानों का गहन ज्ञान , बैंकों/वित्तीय संस्थानों में मध्यस्थता कार्यवाही शामिल है, में अनुभव प्राप्त होना चाहिए। परियोजना वित्तपोषण आदि से संबंधित विभिन्न विधिक, सुरक्षा पैकेजों के विश्लेषण करने के क्षेत्र में मूल योग्यता होनी चाहिए और दस्तावेज़ीकरण की सभी गतिविधियों को स्वतंत्र रूप से संभालने की स्थिति में होना चाहिए।
12	अधिकारी (विधि) ई-2 ₹ 50,000-1,60,000	01 (यूआर)	33		अर्हता के पश्चात 02 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	

RECRUIT

निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग						
13	अधिकारी (सीएसआर) ई-2 ₹ 50,000-1,60,000	01 (यूआर)	33	किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए के साथ सामाजिक कार्य या समकक्ष या नियमित पूर्णकालिक दो वर्षीय एमबीए/पीजीडीएम/पीजीडी या समकक्ष	अर्हता के पश्चात 02 वर्ष का कार्यकारी अनुभव ₹ 09 लाख प्रति वर्ष का सीटीसी	सामाजिक कार्य/ग्रामीण विकास/सामुदायिक विकास परियोजनाओं के मूल्यांकन, कार्यान्वयन और निगरानी में अनुभव आवश्यक है। *यूजीसी-नेट उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा सकती है ।*

* निजी क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के लिए

<u>बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित पद</u>

उपरोक्त तालिका में पीडब्ल्यूबीडी के लिए क्रमांक 1 से 13 तक, 1 पद श्रेणी क) के लिए आरक्षित हैं।
पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण आरईसीपीडीसीएल द्वारा निर्धारित पदों के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नानुसार स्वीकार्य होगा:

उपरोक्त तालिका में पद/क्रमांक	**रोस्टर प्वाइंट के अनुसार आरक्षण के लिए पात्र पीडब्ल्यूबीडी**
इंजीनियरिंग विभाग में उप प्रबंधक / अधिकारी क्रमांक 1 एवं 2	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई घ) एमआई ङ) उपर्युक्त (क) से (घ) तक के एमडी शामिल हैं
एफ एंड ए विभाग में उप प्रबंधक / अधिकारी क्रमांक 3 एवं 4	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी ङ) उपर्युक्त (क) से (ग) तक के एमडी शामिल है।

RECRUIT

एच आर विभाग में उप प्रबंधक / अधिकारी क्रमांक 5 एवं 6	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी घ) एसएलडी, एमआई ङ) उपर्युक्त (क) से (घ) तक के एमडी शामिल हैं
आईटी विभाग में उप प्रबंधक / अधिकारी क्रमांक संख्या 7 एवं 8	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी घ) एसएलडी, एमआई ङ) उपर्युक्त (क) से (घ) तक के एमडी शामिल हैं
सीएस विभाग में उप प्रबंधक / अधिकारी क्रमांक संख्या 09 एवं 10	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई ङ) उपर्युक्त (क) से (ग) तक के एमडी शामिल हैं
विधि विभाग में उप प्रबंधक / अधिकारी क्रमांक संख्या 11 एवं 12	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए , बीएलए सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी घ) एसएलडी ङ) उपर्युक्त (क) से (घ) तक की एमडी शामिल हैं
सीएसआर विभाग में अधिकारी क्रमांक संख्या 13	क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, घ) एसएलडी, एमआई ङ) उपर्युक्त (क) से (घ) तक के एमडी शामिल हैं

संकेतक :
यूआर : अनारक्षित
ओबीसी-एनसीएल : अन्य पिछड़ा वर्ग- नॉन-क्रीमी लेयर
एससी : अनुसूचित जाति

RECRUI

एसटी : अनुसूचित जनजाति
ईडब्ल्यूएस : आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
पीडब्ल्यूबीडी : बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति
श्रेणी क): बी=नेत्रहीन, एलवी=कम दृष्टि
श्रेणी ख): डी = बधिर, एचएच = श्रवण में कठिनाई
श्रेणी ग): ओए = एक हाथ, ओएल = एक पैर, बीए = दोनों हाथ, बीएल = दोनों पैर, ओएएल = एक हाथ और एक पैर, बीएलओए = दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए = दोनों पैर और हाथ, सीपी = सेरेब्रल पाल्सी, एलसी = कुष्ठ रोग उपचारित, डीडब्ल्यू = बौनापन, एएवी = एसिड अटैक से पीड़ित, एमडीवाई = मस्कुलर डिस्ट्रॉफी,
श्रेणी घ) और ङ): एसएलडी = विशिष्ट सीखने की दिव्यांगता, एमआई = मानसिक रोग, एमडी = एकाधिक दिव्यांगताएं

प्रतिकर पैकेज :

3. कंपनी मूल वेतन और महंगाई भत्ते (आईडीए वेतन पैटर्न) सहित उद्योग में सर्वश्रेष्ठ के समतुल्य एक आकर्षक प्रतिकरण पैकेज प्रदान करती है, जिसमें मकान किराया भत्ता, कैफेटेरिया एप्रोच के तहत लाभ और भत्ते, प्रदर्शन से संबंधित वेतन, चिकित्सा इंश्योरेंस, सीपीएफ, उपदान आदि; लागू नियमों के शामिल हैं। निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों का वेतन उस पद के न्यूनतम वेतनमान पर निर्धारित किया जाएगा जिस पर उसे नियुक्त किया गया है। अन्य के लिए, वेतन आरईसी वेतन निर्धारण नियमों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

पात्रता मानदंड

4. राष्ट्रीयता: केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

5. शैक्षिक अर्हता: विभिन्न पदों के लिए अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं संबंधी आवश्यकताएं उपर्युक्त तालिका में दी गई हैं। सभी अर्हताएं भारत में यूजीसी/उपयुक्त सांविधिक प्राधिकरण(णों) द्वारा मान्यता प्राप्त और स्वीकृत विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। जिन उम्मीदवारों ने दूरस्थ शिक्षा/अंशकालिक माध्यम से अपनी अर्हता प्राप्त की है, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते कि उनकी योग्यता केंद्र सरकार के पद और सेवाओं में रोजगार के लिए आवश्यक वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त हो। अर्हता की समतुल्यता का निर्धारण आरईसीपीडीसीएल प्रबंधन के विवेकानुसार होगा।

क) शैक्षिक अर्हता में प्रतिशत के अंश को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और इसे अगले उच्च पूर्णांक में पूर्णांकित नहीं किया जाएगा अर्थात 59.9% को 60% से कम माना जाएगा।

ख) जहां कहीं सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए या डिग्री/डिप्लोमा में लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन पत्र में इसके समतुल्य अंकों का प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए। सीजीपीए प्राप्त आवेदक को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रतिशत समतुल्यता में परिवर्तन फॉर्मूला भी प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

6. कार्य अनुभव : चयन के लिए पात्र होने के लिए, उम्मीदवार को ऊपर बताए अनुसार अनुभव होना चाहिए। क्रम संख्या 1 से 13 में दर्शाए गए पदों के लिए, सरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को, जिनके पास सीडीए/आईडीए/अन्य लागू वेतनमान हैं, वर्तमान में तत्काल निचले वेतनमान में अनुभव आवश्यक है (उदाहरण के लिए, ई-2 (50,000-3%-1,60,000 रुपये) के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को वर्तमान में आईडीए वेतनमान 40,000-3%-1,40,000 रुपये के समकक्ष वेतनमान में अनुभव आवश्यक है)।यह सरकारी संगठनों/पीएसई/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि में आवेदित पद के समतुल्य या उससे अधिक

वेतनमान पर कार्यरत उम्मीदवारों पर लागू नहीं है। केवल वे आवेदक जो अपेक्षित निचले वेतनमान में वास्तविक क्षमता में पद धारण करते हैं अर्थात समयमान, स्व-स्थाने आधार पर, आदि के अलावा को पात्र माना जाएगा। निजी क्षेत्र में कार्य करने वाले उम्मीदवारों को कम से कम ऊपर उल्लिखित राशि के सीटीसी के साथ पद पर कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। पिछले एक वर्ष में एक से अधिक संगठनों के मामले में, संचयी सीटीसी उपर्युक्त अनुसार होनी चाहिए ।

7. प्रतिनियुक्ति पर होने वाले उम्मीदवारों के लिए अनुभव के उद्देश्य हेतु मूल विभाग में तत्काल निचले पद का ग्रेड/रैंक/वेतनमान संदर्भ बिंदु होगा।

8. शिक्षण अनुभव, विश्राम की अवधि, असाधारण अवकाश को पात्रता के उद्देश्य से कार्य अनुभव में नहीं गिना जाएगा और पदों के लिए आवेदन करते समय, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अनुभव के रूप में ऐसी अवधि को शामिल नहीं कर रहे हैं। एक से अधिक संगठनों में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के लिए, एक संगठन से कार्यमुक्त होने की तारीख और दूसरे संगठन में शामिल होने की तिथि के बीच 15 दिनों तक के किसी भी अंतराल को अनुभव के रूप में गिना जाएगा।

9. सरकारी/स्वायत्त शासी निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि में अनुभव के मामले में जहां वेतनमान भिन्न हैं और सीडीए/आईडीए वेतनमान के साथ तुलना योग्य नहीं है / समानता नहीं रखते हैं, आवेदन किए गए पद के लिए पात्रता निर्धारित करने हेतु समकक्ष स्तर/ निम्न वेतनमान के लिए कार्यपालक /अधिकारी संवर्ग में विभिन्न पदानुक्रमित स्तरों, वेतनमानों और परिलब्धियों, विभिन्न ग्रेडों में सेवा की अवधि और पदानुक्रम में आवेदक की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में आरईसीपीडीसीएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। ऐसे उम्मीदवारों को आवेदन के साथ अपनी पात्रता के संबंध में सभी आवश्यक विवरणों को प्रदान करना आवश्यक है।

10. आयु: उम्मीदवारों की आयु उपरोक्त पहली तालिका में उल्लिखित आयु से अधिक नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार निर्धारित प्राधिकारी से आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के अधीन, आयु में निम्नलिखित छूट दी जाएगी:

- अनु.जाति श्रेणी: पांच वर्ष;
- ओबीसी (एनसीएल): तीन वर्ष;
- बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी): दस वर्ष; अनुसूचित जाति /अन्य पिछड़ा वर्ग - एनसीएल श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए अनुमेय आयु में छूट के अतिरिक्त, इस शर्त के अधीन कि कट-ऑफ तिथि पर छूट सहित आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी;
- भूतपूर्व सैनिक: भारत सरकार के दिशा- निर्देशों के अनुसार।
- यदि किसी विशेष श्रेणी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है, तो ऐसी श्रेणियों पर कोई छूट लागू नहीं होगी।

11. आयु और अनुभव आदि के निर्धारण की कट-ऑफ तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, अर्थात 25.07.2024 होगी।

12. सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र/सरकार के स्वायत्तशासी निकायों में कार्य करने वाले 'उचित माध्यम से' आवेदन कर सकते हैं या साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' जमा कर सकते हैं या कार्यभार ग्रहण करते समय वर्तमान नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति आदेश प्रस्तुत करना होगा ।

13. सभी नियुक्तियां कंपनी के नियमों के अनुसार मेडिकल फिटनेस के अधीन हैं।

PROOF

14. किसी न्यायालय द्वारा नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

15. किसी राज्य या केंद्र सरकार के निगम या विभाग या स्थानीय प्राधिकरण या किसी स्वायत्तशासी वैधानिक निकाय की सेवा से बर्खास्त, हटाया गया या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

16. कोई भी व्यक्ति जिसके एक से अधिक पति या पत्नी हैं या जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है जिसका /जिसकी पति या पत्नी जीवित है, किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार और दूसरे पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के तहत ऐसा विवाह अनुमत न हो।

17. आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी पक्षपुष्टि उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य कर देगा।

चयन प्रक्रिया

18. अपूर्ण आवेदनों को पूरी तरह से खारिज कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में, उम्मीदवारी को पूरी तरह से खारिज कर दिया जाएगा।

19. केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से आवेदक को साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाएगा।

20. पात्रता के निर्धारण के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच की जाएगी और साक्षात्कार के उद्देश्य के लिए चयन करने की दृष्टि से, केवल उन्हीं उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिन्हें तकनीकी ज्ञान की प्रकृति और गुणवत्ता और प्रत्येक विशिष्ट पद के लिए आवश्यक पेशेवर विशेषज्ञता के संदर्भ में उपयुक्त माना जाएगा। केवल परीक्षा या परीक्षा के पश्चात साक्षात्कार में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र जारी करने का यह अर्थ नहीं होगा कि उम्मीदवार साक्षात्कार/पद के लिए पात्र है।

21. उपयुक्त पाए गए आवेदकों को लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसका स्थान और समय पोर्टल और आवेदन के साथ इंगित ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

22. चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। ऐसे मामलों में जहां लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों का सहारा लिया जाता है, क्रमशः 85% और 15% का वेटेज के आधार पर किया जाएगा । लिखित परीक्षा का विवरण, यदि कोई हो, पोर्टल और ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

23. यदि किसी पद के लिए आवेदनों की संख्या बहुत अधिक है, तो आरईसीपीडीसीएल ऊपर उल्लिखित न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं से उच्चतर मानदंड वाले उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

24. लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए, यदि कोई हो, देय नहीं होगा। हालाँकि, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने और आयु, योग्यता, अनुभव , आरक्षण / छूट आदि के सत्यापन के लिए सभी प्रमाणपत्र / मूल दस्तावेज प्राप्त करने और साक्षात्कार पूरा करने पर सीमित आने-जाने या ट्रेन एसी 2 टायर के माध्यम से खर्च की गई राशि तक का यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।साथ ही, साक्षात्कार में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को आवेदन में दिए गए पते से या यात्रा प्रमाण के अनुसार, जो भी कम हो, यात्रा के लिए यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

25. चयन प्रक्रिया (लिखित परीक्षा/साक्षात्कार) की तिथि या स्थान में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

26. साक्षात्कार से पहले दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अपने मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

27. उम्मीदवारों का चयन शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव और साक्षात्कार सहित चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों की सूची योग्यता के क्रम में, चिकित्सीय फिटनेस और

चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के अधीन, पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी और चयनित उम्मीदवारों को आवेदन में दिए गए पत्राचार या ई-मेल के पते पर व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा।

28. सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र/सरकार के स्वायत्तशासी निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय वर्तमान नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति आदेश प्रस्तुत करना होगा।

सामान्य

29. आरईसीपीडीसीएल को बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए रिक्तियों को बढ़ाने/घटाने या आवश्यकता पड़ने पर भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार है।

30. आरईसीपीडीसीएल का पूरे देश में परिचालन है और चयनित उम्मीदवार को देश में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

31. इन रिक्तियों के लिए की जाने वाली भर्ती कंपनी के नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगी। नियुक्ति की नियम एवं शर्तें और सेवा शर्तें समय-समय पर यथा संशोधित इस विषय पर अधिसूचित नियमों द्वारा शासित होंगी।

32. इस भर्ती से संबंधित सभी जानकारी आरईसीपीडीसीएल की वेबसाइट http://www.recpdcl.in , पर **'करियर'** टैब में उपलब्ध होगी, जिसे यहां वेबसाइट/पोर्टल कहा गया है। उम्मीदवारों को अद्यतन जानकारी के लिए समय-समय पर पोर्टल/वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। **विज्ञापन पर कोई शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण, यदि आवश्यक हो, केवल आरईसीपीडीसीएल की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।** कोई व्यक्तिगत मेल नहीं भेजा जाएगा।

33. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण किसी भी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

34. किसी पीएसई/पीएसयू से वीआरएस पर अलग हुए उम्मीदवारों को आरईसीपीसीएल में चयन की स्थिति में संबंधित पीएसई/ भारत सरकार को वीआरएस प्रतिकर वापस करना होगा।

35. शॉर्टलिस्ट नहीं होने वाले/चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

36. इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी विवाद/मामले केवल दिल्ली के न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

आवेदन के चरण:

37. उम्मीदवारों से ₹ 500/- (केवल पाँच सौ) का अप्रतिदाय शुल्क का भुगतान अपेक्षित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी और भूतपूर्व सैनिक से संबंधित उम्मीदवारों को इस आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

38. किसी पद के लिए आवेदन करते समय, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह कट ऑफ तिथि पर निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है और प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या उसके पश्चात यह पता चलता है कि किसी उम्मीदवार ने कोई गलत/अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की है या पात्र माने जाने के लिए किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द कर दी जाएगी। यदि उनके कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात किसी त्रुटि का पता चलता है तो उनकी सेवा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

39. यदि कोई दस्तावेज/प्रमाण पत्र हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी गया है, तो उम्मीदवारों को आवेदन के साथ और साक्षात्कार के समय भी हिंदी/अंग्रेजी में उसका प्रमाणित अनुवाद प्रस्तुत करना आवश्यक है।

RECPDCL

40. जो उम्मीदवार एससी/ओबीसी-एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/भूत पूर्व सैनिक/ईडब्ल्यूएस के लिए उपलब्ध छूट का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें भारत सरकार के दिशा-निर्देशों (एससी/ओबीसी-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस के मामले में) के अनुसार प्राधिकरण द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में वैध जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

41. आवेदन के समय ऐसे प्रमाणपत्र की वैधता और आवश्यकता पड़ने पर इसके सत्यापन की जिम्मेदारी भी उम्मीदवार की होगी।

42. भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 40% से कम की बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही पीडब्ल्यूबीडी के लाभ के लिए पात्र होंगे।

43. योग्य और इच्छुक उम्मीदवार आरईसीपीडीसीएल की वेबसाइट 'करियर' टैब पर जाएं और संबंधित भर्ती पर क्लिक करें। कोई भी उम्मीदवार केवल एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता है।

44. ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उपयोग करके पोर्टल पर पंजीकरण करें।

45. पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर का उपयोग करके पोर्टल पर लॉग इन करें और पद के लिए आवेदन शुरू करने के लिए "आवेदन करें" पर क्लिक करें।

46. आवश्यक विवरण के साथ ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें ।

47. आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की गई स्वप्रमाणित प्रतियों को संलग्न करने के लिए तैयार रखा जाना चाहिए (फ़ाइल प्रकार .jpg/.png/.pdf और 500 KB से अधिक की नहीं होनी चाहिए):

क) जन्म तिथि का प्रमाण (दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र/जन्म प्रमाण पत्र)

ख) भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित प्राधिकारी द्वारा जारी आरक्षण/छूट/रियायतों का दावा करने के लिए जाति प्रमाण पत्र/आवश्यक दस्तावेज (अनु.जाति/अनु.जन-जाति/अ.पि.व.-एनसीएल/भूत पूर्व सैनिक/ईडब्ल्यूएस के मामले में)

ग) दिव्यांगता प्रमाण-पत्र - भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार विहित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र जो स्पष्ट रूप से दिव्यांगता का प्रकार, दिव्यांगता का % आदि को दर्शाता हो।

घ) आवश्यक योग्यता से संबंधित दस्तावेज (वर्ग/श्रेणी/सीजीपीए/प्रतिशत, माध्यम, अवधि के साथ विशेषज्ञता दिखाने वाले उत्तीर्ण प्रमाण पत्र और अंकतालिका) । यदि प्रमाणपत्र या अंकतालिका में श्रेणी / विभाग और प्रतिशत का उल्लेख नहीं है, तो आवेदक को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से सीजीपीए प्राप्त करने के लिए परिवर्तन फॉर्मूला प्रस्तुत करेगा , ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ङ) अन्य योग्यताओं से संबंधित दस्तावेज (उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और अंकतालिका)*

च) अनुभव से संबंधित दस्तावेज अर्थात : (वर्तमान के साथ सभी पिछले रोजगार के) अवरोही क्रम में वर्तमान रोजगार से शुरू*

- नियुक्ति आदेश/कार्यभार ग्रहण करने का आदेश
- अनुभव प्रमाण पत्र : अनुभव का प्रमाण जिसमें पद, सेवा की अवधि (कार्यमुक्त ऑर्डर/सेवा प्रमाण-पत्र जिसमें स्पष्ट रुप से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि और कार्यमुक्त तिथि (एक से अधिक संगठनों में अनुभव के मामले में) वेतनमान/परिलब्धियां और अनुभव के क्षेत्र (पीएसयू/सरकारी कर्मचारियों के संबंध में अवधि के विवरण के साथ संशोधित और साथ ही पूर्व-संशोधित वेतनमान को दर्शाते हुए) का उल्लेख हो।

RECRUIT

- अनुभव की प्रासंगिकता को नियोक्ता (ओं) द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक है, तभी इसे प्रामाणिक माना जाएगा; अनुभव संबंधी दस्तावेज की स्व-घोषणा को दस्तावेजी प्रमाण के बिना स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- नवीनतम वेतन पर्ची
- आवश्यक वेतनमान/परिलब्धियों में अनुभव के समर्थन में संबंधित संगठन (सरकारी/सार्वजनिक/निजी क्षेत्र) से वेतन प्रमाण पत्र। वार्षिक सीटीसी के लिए दस्तावेजी साक्ष्य जैसे फॉर्म 16, पिछले 12 महीनों की वेतन पर्ची, नियोक्ता से प्रमाण पत्र आदि (निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के मामले में)
- पिछला पदोन्नति आदेश, यदि लागू हो
- उस कंपनी के आदेश जहां आवेदक वर्तमान में कार्य कर रहा है, स्पष्ट रूप से संगठन के कार्यकारी ग्रेड और वेतन संरचना और आवश्यक अनुभव के लिए पदानुक्रम में आवेदक की स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए
- निजी क्षेत्र में कार्य करने वाले उम्मीदवारों के मामले में वार्षिक टर्नओवर (लेखापरीक्षित बैलेंस शीट) और सूचीबद्धता की स्थिति (स्टॉक एक्सचेंज में) के समर्थन में दस्तावेजीय प्रमाण
- कार्यालय आदेश/कार्यालय ज्ञापन/स्थानांतरण आदेश/कार्य आवंटन आदेश/अनुभव प्रमाण पत्र आदि के रूप में आवश्यक अनुभव दर्शाने वाले विशिष्ट साक्ष्य

ज) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जम्मू-कश्मीर मूल निवासी की श्रेणी या किसी अन्य श्रेणी के तहत उम्मीदवारी सिद्ध करने वाला प्रमाण पत्र, जिसके लिए विज्ञापन के अनुसार छूट स्वीकार्य है।

झ) एक हालिया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ

ञ) उम्मीदवार के हस्ताक्षर

48. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए अलग- अलग स्थान पर उपर्युक्त दस्तावेजों की स्कैन की गई स्व-प्रमाणित प्रतियां अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी । इसके अलावा, उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि अपलोड करने से पहले वे यह सुनिश्चित कर लें की सभी दस्तावेज़ पठनीय हैं । दस्तावेज खराब गुणवत्ता या खराब पठनीयता होने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

* प्रत्येक शैक्षणिक योग्यता और प्रत्येक रोजगार/अनुभव से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों को एक फाइल में मिला दिया जाना चाहिए। फ़ाइल का प्रकार .jpg/png/.pdf और 500 KB से अधिक की नहीं होनी चाहिए।

49 सभी विवरण भरने और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन जमा करें (अनारक्षित, ओबीसी.-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए शुल्क अनिवार्य है)। किसी अन्य माध्यम से शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। **ऑनलाइन आवेदन केवल आवेदन शुल्क (यदि लागू हो) प्राप्त होने पर ही जमा किया हुआ माना जाएगा आवेदक को भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन संख्या को संभाल कर रखना चाहिए।**

50 ऑनलाइन आवेदन में दिए गए सभी विवरण अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

51 अपूर्ण आवेदन/बिना किसी सहायक दस्तावेजों, आवेदन शुल्क के आवेदन (यदि लागू हो) अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

52 **उम्मीदवार को इस समय आवेदन पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।** यदि आरईसीपीडीसीएल पात्रता के और अधिक सत्यापन के लिए किसी दस्तावेज की मांग करता है और उसे डाक/मेल से भेजना अपेक्षित होता है, तो आरईसीपीडीसीएल किसी भी प्रकार के डाक विलंब या यात्रा के दौरान उसकी हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

महत्वपूर्ण तिथियाँ :

क)	ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	26.06.2024
ख)	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	25.07.2024

यह विज्ञापन विशेष रूप से आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) में भर्ती के लिए है और चयनित उम्मीदवार आरईसीपीडीसीएल के रोल में होंगे। भविष्य में आरईसी पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं होगी।

RECPDCL